खबर संक्षेप

विश्वकर्मा युवा मंच जिलाध्यक्ष मनोनीत किये गये शुभम

मोहखेड: मोहखेड़ विकासखंड के सारंगबिहरी गांव के रहने वाले तेज तर्रार युवा शुभम राजेंद्र चौरे को श्री विशवकर्मा काष्ठ एंव लौह कला कल्याण संगठन के तहत विश्वकर्मा युवा मंच का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन प्रदेश अध्यक्ष दिलीप शर्मा द्वारा किया गया है।शुभम राजेंद्र चौरे शिक्षक होने के साथ ही सामाजिक विचारक भी हैं। विभिन्न मामलों पर प्रतिदिन उनकी प्रतिक्रिया मीडिया और सोशल मीडिया पर प्रकाशित होती है। इसी। कर्मठता को देखते हुये प्रदेश अध्यक्ष व संस्थापक लक्ष्मीनारायण विशवकर्मा ने उन्हें छिंदवाड़ा युवा मंच जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है।

आज निकलेगी नगर में जय भीम रैली

सौंसर। डॉ बाबासाहेब अंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर द्वारा 11 अप्रेल से संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब अंबेडकर का 134 वा जन्मदिवस समारोह मनाया जा रहा है,महात्मा ज्योतिबा फुले के जन्मदिवस से अंबेडकर जयंती का शुभारंभ किया गया,बुद्ध विहार में अंबेडकर नवयुवक मंडल के पदाधिकारीयो की प्रमुख उपस्थिति में महात्मा ज्योतिबा फुले के प्रतिमा पर अभिवादन माल्यार्पण किया, रविवार को बौद्ध विहार में ही रंगोली खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, शाम को डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक में कव्वाली का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें कव्वाल गुलाब राजा और टीम के द्वारा भी बुद्ध भीम फुले पर आधारित एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुतियां देकर तालियां बटोरी, रात्रि 12 बजे डॉ बाबा साहब अमर रहे जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा, आदि के नारों के साथ में आतिशबाजी के बीच केक काटकर संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब अंबेडकर का जन्मदिवस मनाया गया, बौद्ध अनुयायियों के द्वारा जयभीम सलामी दी गई।

पर्यटकों के लिए बनाई गई थी व्यवस्था, धार्मिक स्थल को भी नहीं छोड़ रहे तत्व

छोटा महादेव में वन विभाग ने बनाई रैलिंग की ग्रिल ले गए असामाजिक तत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

तामिया रेंज का दुर्भाग्य ही कहा जाए की यहां के प्राकृतिक सौंदर्य की शान कहे जाने वाले हरे भरे सरई के पेड़ रेंजर द्वारा ग्रामीणों को समझाइए दिए जाने के बादजूद भी चोरी छुपे ग्रामीण काटने से पीछे नहीं है। वही प्रकृति की मार भी इन पेड़ों पर पड़ी है कि साल बोरर कीड़े लगने के कारण 100 से अधिक पेड़ बीमारी के कारण सूख गए जिन्हें कटवाया गया, वही तत्वों द्वारा महुआ बीनने की आड़ में जंगल में आग लगाने की घटनाओं की भी बढ़ोतरी इस बार देखने मिली जिससे छोटे-मोटे प्राकृति द्वारा दिए गये पौधे पनपने के पहले ही तत्वों के कारण मर गए। इस तरह अब तत्व वन संपदा को हानि पहुंचाने के बाद पर्यटकों

के जाने के लिए छोटा महादेव तक सीढी विभाग द्वारा बनाई गई हैं। उसे भी हानि पहुंचाने में यह तत्व पीछे नहीं है। इन सीढ़ियों के साइड में लगी रेलिंग को भी तत्वों द्वारा हानि पहुंचाई जा रही है जो सुरक्षा एवं सुंदरता के लिए लगाई गई पाइप के बीच की रेलिंग को भी तोड़कर ले जा रहे हैं।

पर्यटकों की सुविधा एवं सौंदर्य की दृष्टि से बनी रेलिंग ले जाने के कारण छोटा महादेव सीढीयो की सुंदरता को भी तत्वों ने हानी चंद रूपयो के लिए कबाड़ में लोहा बेचने की गरज से पहुंचने में पीछे नहीं है। अब विभाग को ऐसे तत्वों की पतासाजी कर कार्यवाही करने की घड़ी आन पड़ी है। भविष्य में वन संपदा एवं प्राकृतिक सौंदर्य को हानि पहुंचाने की हिमाकत न कर सके।

छिन्दवाड़ा की पहचान हनुमान मंदिर से भी है

सिद्ध सिमरिया धाम में हुई विशाल भजन संध्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

सिद्ध सिमरिया धाम परिसर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजित भजन संध्या के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने उपस्थित भजन गायकों से कहा कि आप यहां आए आपका स्वागत है। इस जिले की अपनी शान है, अपनी पहचान है। आप सभी को श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं।

मेरा सौभाग्य है कि आज मैं यहां उपस्थित हूं। छिन्दवाड़ा की पहचान स्कूल, कॉलेज व स्किल सेन्टर से केवल नहीं है। छिन्दवाड़ा की पहचान हनुमान मंदिर से भी है। इसका एक इतिहास है। मैंने अपने मन में सोचा कि बहुत कुछ किया यहां, किन्तु एक मंदिर नहीं बनवाया। बहुत से लोगों ने कहा कि सरकारी जमीन लेकर मंदिर बनवा दीजिए, लेकिन मैंने कहा कि मैं सरकारी जमीन नहीं लूंगा। मैं अपनी निजी जमीन पर ही मंदिर बनवाऊंगा। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सीएम कमलनाथ ने आगे कहा कि जिन्होंने दिल्ली में मंदिर बनाया 101 फीट का मैंने राजस्थान के उन मूर्तिकारों से सम्पर्क किया और उनसे कहा कि मुझे उससे बड़ी मूर्ति बनवानी है तो उन्होंने कहा कि हमारे पास बोथ 101 फीट का ही है, मैंने उनसे कहा कि कुछ करिए तब उन्होंने व्यवस्था बनाई। सिमरिया धाम में सबसे ऊँची प्रतिमा 101 फीट 8 इंच बनाई। देश में सबसे बड़ी मूर्ति यहां है यह सबसे बड़े गौरव का विषय है। कोई मुझे पूछे की आपकी उपलब्धि क्या है तो मैं कहूंगा कि मैंने मंदिर बनवाया है।

आयोजित विशाल भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी व धीरज कांत ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से देर रात तक श्रद्धालु श्रोताओं भक्ति का संचार किया। आयोजित कार्यक्रम में जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ, मप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष गंगाप्रसाद तिवारी, विधायक सुनील उइके, सुजीत चौधरी, आनंद बक्षी, पप्पू यादव, जय सक्सेना व विक्रम मसताल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण व आमजन उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने अमरवाड़ा में हो रही ब्लू बेरी फसल का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा आज जिले के विकासखंड अमरवाड़ा में हो रही ब्लू बेरी की फसल का अवलोकन किया गया। साथ ही अमरवाडा ब्लॉक में डी.जे. एग्रोविजन प्राइवेट लिमिटेड के चिमऊआ फार्म का भ्रमण भी किया गया। जिले के अमरवाडा ब्लॉक में लगभग 135 एकड़ में ब्लू बेरी की सफल खेती की जा रही है। जिले में रकबा बढ़ने की और भी उम्मीद है । इसके बाद उन्होंने चौरई के ग्राम देवरी में बन रहे ब्लू बेरी के दूसरे प्लांट का भी अवलोकन किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, एसडीएम अमरवाडा श्री हेमकरण धुर्वे, एसडीएम चौरई श्री प्रभात मिश्रा, उप संचालक उद्यान श्री एम.एल. उइके, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी श्री सुबोध ठाकरे एवं डी.जे. एग्रोविजन प्राइवेट लिमिटेड के मालिक श्री जीतेन्द्र लोहानी व कंसलटेंट मर्चेंलो व श्री टीकाराम चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

छात्र-छात्राओं को प्रदान किए गए प्रमाण पत्र

छिन्दवाड़ा: प्राथमिक शिक्षा व उच्च शिक्षा के उपरांत रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण वर्तमान परिदृश्य में नितांत आवश्यक हो चुका है। तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत रोजगार के द्वार खुल जाते हैं और यही प्रशिक्षण अगर किसी बहुराष्ट्रीय (मल्टीनेशनल कम्पनी) से प्राप्त हो तो युवाओं का भविष्य संवर जाता है। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के प्रयासों से छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को निरंतर बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त हो रहा है। कमलनाथ एवं नकुलनाथ के अथक प्रयत्नों से युवाओं को तकनीकि प्रशिक्षण संस्थानों से नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि नींव मजबूत हो और इसके लिए नेताद्वय जिले के युवाओं को राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के माध्यम से रोजगार से जोड़ने वाले विभिन्न प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जा रहे, जो कि मप्र के किसी अन्य जिले में ऐसे प्रशिक्षण की उम्मीद भी नहीं की जा सकती। इनफोसिस फॉउंडेशन के द्वारा स्पांसर एवं उन्नति फाउंडेशन बेंगलुरू द्वारा सोनी कम्प्यूटर एजुकेशन में नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्राओं को कमलनाथ एवं नकुलनाथ के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। छात्र-छात्राओं ने प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरांत कमलनाथ एवं नकुलनाथ को हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि सपने में भी उन्होंने यह कल्पना नहीं की थी कि छिन्दवाड़ा जिले में अपने घर में रहकर ही बहुराष्ट्रीय कम्पनी इनफोसिस फाउंडेशन द्वारा स्पांसर व उन्नति फाउंडेशन बेंगलुरू द्वारा सोनी कम्प्यूटर एजुकेशन में आयोजित यूएनएक्टसटी प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा, किन्तु नेताद्वय के प्रयासों से यह संभव हो पाया है। इसके लिए उन्होंने पुनः नेताद्वय का हृदय से धन्यवाद किया।

चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

छिंदवाड़ा। भाजपा के गांव,बस्ती चलो अभियान के तहत सांसद बंटी विवेक साहू रविवार को ग्राम मोआदेई पहुँचे यहां उन्होंने सबसे पहले स्वच्छता अभियान के तहत गांव के श्री हनुमान खेड़ापति मंदिर पहुँचकर साथी कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर परिसर में साफ-सफाई कर पूजा-अर्चन किया। इसके बाद वे गांव की आंगनवाड़ी पहुँचे और वहां बच्चों को दुलार कर उन्हें और माताओं से मिलकर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

25 संतरा पेड़ जले, सूचना के तीन दिन बाद भी पंचनामा कारवाई नहीं

पांढुर्ना। समीपस्थ ग्राम कलमगांव के किसान घनशाम ठाकरे के खेत में संतरे के 25 पेड जलकर 3 दिन हो चुके है लेकिन सूचना के बाद भी राजस्व विभाग का कोई कर्मचारी पंचनामा कारवाई करने नहीं पहुंचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान घनशाम के पडोसी किसान सरस्वती देवहरे ने अपने खेत की मेड पर खेत का कचरा एकत्र कर उसमें आग लगा दी। हवा की वजह से मेड के कचरे की चिंगारी एवं लपटे घनशाम के खेत में पहुंची और 25 संतरा पेड धू धू कर जल उठे।

डॉ. अंबेडकर जयंती पर बोथिया में हुआ निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

पांढुर्ना। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर कल जयंती की पूर्व संध्या पर ग्राम बोथिया में निशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर संपन्न हुआ। यह शिविर डॉ. आंबेडकर एकता परिषद ग्राम बोथिया के सौजन्य से जय श्रद्धा हॉस्पिटल सावनेर तथा अहिल्या क्लिनिक पारडसिंगा के द्वारा संपन्न किया गया। शिविर में 406 मरीजों की जांच की गई। इस अवसर पर डॉ. जयराज हाडके, वातरोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल हाडके, सेवा निवृत्त बीएमओ अशोक भगत, डॉ. निलेश ठाकरे, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता हाडके, डॉ. आकाश ढोके, डॉ दीपक शेंडे, डॉ. राहुल वाहने, डॉ. प्रणव वानखडे के अलावा नर्सिंग स्टाफ एवं गामीण जनप्रतिनिधि प्रमुखता से उपस्थित रहे।

17 घरों की बिजली चोरी पकड़ी, 5 लाख से अधिक जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

विकासखंड के ग्राम कामठीकला में वन विभाग के उडनदस्ते ने आज 17 घरों में लोगों को घरों में चोरी की जलाते हुए रंगेहाथ पकडा। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह लोग कई माह से बिजली चोरी से अपने घर लाइट, पंखे, मिक्सर, टी, प्रेस और अन्य इलेक्ट्रिक उपकरण चला रहे थे। यह लोग घर के पास के बिजली पोल पर काटा डालकर छतों और खिडकियों के माध्यम से तार को घर के अंदर लाते थे। इस प्रकार इस अनधिकृत तार के जरिए बिजली की चोरी लगातार जारी थी। इन बिजली चोरों पर बिजली विभाग के न कुल 5 लाख 40 हजार रू. जुर्माना ठोका है।

कौमी एकता की मिशाल है छिन्दवाड़ा जिला

मुस्लिम समाज ने किया गदा यात्रा का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अमरवाडा

मप्र व देश में छिन्दवाड़ा ने हमेशा ही कौमी एकता की मिशाल पेश की है। एक बार फिर आपसी भाईचारे का संदेश देकर यह साबित कर दिया कि छिन्दवाड़ा अमन पंसद जिला है, जहां जात पात नहीं बल्कि प्रेम व भाईचारे की भाषा बोली जाती है। सभी धर्म का सम्मान व आदर किया जाता है। होली, दीपावली व हनुमान जन्मोत्सव हो या फिर ईद सभी मिलजुलकर मनाते हैं। एक दूसरे को बधाई व शुभकानाएं देते हैं।

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने सामाजकि सदभाव व सौहादर्य को कभी बिगड़ने नहीं दिया। उन्होंने आपसी प्रेम व भाईचारे को बढ़ाया, जिसका परिणाम है कि छिन्दवाड़ा ने हमेशा ही कौती एकता का परिचय दिया है और एक बार फिर मिशाल कायम की। मारुति नंदन सेवा समिति सिद्ध सिमरिया धाम के तत्वावधान में श्री हनुमान

जन्मोत्सव पर निकाली गई गदा यात्रा का मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा पूर्ण उल्लास व उत्साह के साथ स्वागत किया। मुस्लिम समाज के द्वारा किए गए भव्य सवागत को देखकर गदा यात्रा में सम्मिलित समस्त हनुमान भक्त अभिभूत हो उठे। मुस्लिम समाज के लोगों ने हजरत कमली वाले बाबा की दरगाह के सामने पुष्प गुच्छ व पुष्पवर्षा कर स्वागत सत्कार किए।

इस अवसर पर हाजी जमालुउद्दीन (लाल साहब), इब्नेहशन रिजवी, शमीमुद्दीन, हाजी , राशिद खान, रियाज अहमद, हाजी सबाबुद्दीन, इब्राहीम कुरैशी, सोबी कुरैशी, अरशद अली, अनवर भाई, साहिल बाबा, अबरार, मिस्त्री जेड अली सहित अन्य उपस्थित रहे।

बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर पहुंची पुलिस

दो लाख का लग सकता है जुर्माना, परिजनों ने 18 वर्ष के बाद विवाह करने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

विधानसभा जुन्नारदेव अंतर्गत कोहनियां रैयत ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाला ग्राम कोकट में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर दिनांक 13/04/2025 को परियोजना अधिकारी सुश्री सीमा पटेल के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास से पर्यवेक्षक सुश्री बिंदु माहोरे, श्रीमति लक्ष्मी पंडोले पुलिस विभाग से श्री अनिल कुमार उईके सचिव महोदय अनिल पाटिल सरपंच महोदया रश्मि काकोड़िया एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बालिका के घर जाकर बालिका लक्ष्मी खरे वपरिवार वालों को बाल विवाह न करने की समझाइश दी गई लक्ष्मी का विवाह दिनांक 14/04/2025 को तमिया के ग्राम झिलपिपारिया के महेश भन्नारे के साथ होना तय किया गया था बालिका की आयु 15 वर्ष 6 माह अंकसूची के अनुसार पाई गई बालिका एवं परिवार के समस्त सदस्यों को बाल विवाह के जितने भी दुष्परिणाम है वह परिवार वालों को बताए गए एवं उन्हें यह भी बताया गया कि बाल विवाह करने पर पॉस्को एक्ट की धारा के तहत आपको 2 लाख का जुर्माना एवं विवाह में जितने भी लोग शामिल हुए हैं उन पर भी कार्रवाई की जावेगी एवं सभी को जेल जाना पड़ सकता है समझाइश देने के पश्चात बालिका लक्ष्मी खरे,बालिका के माता, पिता एवं सारे परिवार के द्वारा विवाह ना करने की सहमति दी गई । परिवार वालों के द्वारा सहमति जताई गई कि वह अपनी बालिका का विवाह जब तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं हो जाएगी तब तक वह उसका विवाह नहीं करेंगे ।

आंगनवाड़ी में बच्चों का वजन एवं ऊंचाई का किया मापन

जुन्नारदेव। नगर के वार्ड क्रमांक 10 की आंगनवाड़ी में महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी सीमा पटेल के मार्गदर्शन में पर्यवेक्षक सीमा धुर्वे के निर्देशन में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें आंगनवाड़ी में आने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों का वजन एवं ऊंचाई का मापन किया गया साथ ही बच्चों को पोषक आहार उपयुक्त मात्रा में लेने हेतु माता को सलाह दी गई साथ ही गर्भवती एवं गर्भधात्री महिलाओं को भी उचित पोषण आहार लेने संबंधी सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति पंडोले, सहायिका व बड़ी संख्या में वार्ड की महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

आजादी के बाद पहली बार लोगों को मिलेगी सड़क की सुविधा: विवेक साहू

ग्रामीणों को मिली 2 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

आजादी के बाद पहली बार क्षेत्र के लोगों को अच्छी सड़क की सुविधा मिल सकेगी। आप लोगों के सहयोग से पहली बार छिंदवाड़ा का बेटा संसद तक पहुँचा है, छिंदवाड़ा में भाजपा सरकारों के सहयोग से ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। उक्त आशय का उद्गार नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 में आयोजित सड़क निर्माण के भूमिपूजन के अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने व्यक्त किए।

इस दौरान सांसद श्री साहू ने 1 करोड़ 98 लाख की लागत से बनने वाली बोरिया से कोहकाढाना तक 2 कि.मी. की सड़क का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि वार्ड नंबर 24 के लोगों ने हमेशा ही भाजपा का साथ दिया है। आगे भी उनसे सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शहर में अन्य खराब सड़कों का निर्माण भी जल्द ही किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मेरी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से चर्चा भी हुई है।

पिछले दिनों भोपाल में महापौरों के सम्मेलन में छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके की भी इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से चर्चा हुई है। छिंदवाड़ा का चहुमुंखी विकास हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है।

कार्यक्रम में यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, महापौर विक्रम अहके, पूर्व जिला महामंत्री राजू नरोटे, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रिजवान कुरैशी, सभापति संजीव रंगू यादव,जगेन्द्र अल्डक, राहुल बंटी उईके, माइकल पहाड़े, प्रमोद शर्मा, मनोज कुशवाहा, भरत घई, बलराम साहू, पार्षद भूरा भावरकर, बबलू विश्वकर्मा, विजेन्द्र चौहान, संदीप यादव,तरूण सोनी,विजय पाटिल, परमार रघुवंशी, मनीष यादव, नीरज रघुवंशी, केवल धुर्वे, रामभरोस यादव, बबलू यादव, कपील साहू, प्रहलाद यादव, मानसिंग यादव, दीनदयाल यादव, मधु साहू, मंयक साहू, संतोष यादव, मोहन यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता तथा आमजन उपस्थित थे।

सांसद, विधायक, कलेक्टर और कई जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद

आज से होगी 655 जोड़ों के नए जीवन की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

आज सोमवार से सामूहिक विवाह में परिणय सूत्र में बंधने वाले 655 जोड़ों के जीवन की नई शुरुआत होगी । सांसद विवेक बंटी साहू , विधायक सोहन वाल्मीकि , कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह और कई जनप्रतिनिधि न केवल इनके विवाह के साक्षी बने बल्कि इनका आशीर्वाद भी इन जोड़ों को मिला ।रविवार 13 अप्रैल को परासिया के ईडीसी ग्राउंड में मुख्य मंत्री कन्यादान योजना के तहत 6 मुस्लिम जोड़ों सहित कुल 655 जोड़ों का विवाह कराया गया । इस विशाल सफल कार्यक्रम में सांसद , विधायक और कलेक्टर विशेष उपस्थिति रही । इनके अलावा एस डी एम पुष्पेन्द्र निगम , एस डी ओ पुलिस जितेन्द्र सिंह जाट , परासिया जनपद अध्यक्ष आशा अशोक आम्रवंशी , उपाध्यक्ष जमील खान , सीईओ श्वेता सिंह बघेल , परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवी , चांदामेटा नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिजोलिया , न्यूटन नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपमा हेमंत राय , बड़कुही नगर पंचायत अध्यक्ष भारत डेहरिया , परासिया विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया , जिला पंचायत सदस्य अरुण यदुवंशी , कमलेश उईके , परासिया भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी , चारों निकायों के उपाध्यक्ष और पार्षद की उपस्थिति भी रही । कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा ।

विधायक ने लगाया तड़का

ईडीसी में हुए इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जोड़ों की संख्या और लोगों की उपस्थिति की सराहना करते हुए सांसद विधायक बंटी साहू ने विधायक और उनके कांग्रेस साथियों के द्वारा पूर्व में विवाह स्थगित किए जाने पर किए गए विरोध प्रदर्शन पर अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा , कि इस कार्यक्रम को विशाल बनाने में विधायक सोहन वाल्मीकि ने तड़का लगाया है । उनके और उनके पार्टी के लोगों द्वारा विरोध किए जाने का सकारात्मक परिणाम है , कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों का विवाह हो रहा है । उन्होंने कहा , कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह है पर यह जो कार्यक्रम इतने बड़े रूप में आयोजित हुआ है इसमें सभी दलों और सभी लोगों का सहयोग सराहनीय है ।

किसी की उपेक्षा नहीं

ईडीसी में हुए इस ऐतिहासिक कार्यक्रम शामिल दोनों राजनीतिक दल के नेता और जनप्रतिनिधि एक मंच पर मौजूद रहे । सभी ने इस कार्यक्रम में अपने - अपने हिसाब से सहयोग प्रदान किया । अच्छी बात यह देखने को मिली इसमें किसी की भी अपेक्षा नहीं की गई ।

खूब नाचे अधिकारी और जनप्रतिनिधि

प्रशासनिक अधिकारी और जन प्रतिनिधियों ने घराती और बराती दोनों की भूमिका निभाई । जब दूल्हों की बारात जनवासे से निकली तो प्रशासनिक अधिकारी और जन प्रतिनिधियों ने खूब नाचा । खासकर एसडीएम श्री निगम और जनपद उपाध्यक्ष श्री खान ने बाजा भी बजाया ।

हनुधाम जन्मोत्सव पर दर्शन करने श्रद्धालु पहुंचे हनुधाम मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिछुआ

विकासखंड बिछुआ के ग्राम किशनपुर में हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर शनिवार को भक्तों के द्वारा हनुधाम मंदिर किशनपुर में हनुमान जी महाराज के दर्शन करने श्रद्धालु एवं भक्तगण प्रभु के दर्शन करने बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे,जहां भक्तों ने पूजा अर्चना कर महाप्रसादी ग्रहण की,ज्ञात हो कि विगत कई वर्षों से हनुधाम मंदिर किशनपुर में हनुमान जन्मोत्सव पर हर साल भारी संख्या में श्रद्धालु गण प्रभु के दर्शन करने आते है,दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु मंदिर प्रांगण में आकर हनुमान जी महाराज के दर्शन कर एवं समिति द्वारा आयोजित महाप्रसादी ग्रहण करके घर वापस जाते हैं,मंदिर में भक्तों का आना सुबह से शुरू हो जाता है,कोई भक्त कई किमो मीटर पद यात्रा करके दर्शन करने मंदिर पहुंचता है तो कोई गदा यात्रा वाहन एवं ढोल बाजे से निकालकर हनुधाम मंदिर किशनपुर प्रभु के दर्शन करने पहुंचता है, हनुधाम मंदिर किशनपुर पहुंचकर भक्त धन्य हो जाते है।

हर्षोल्लास से मनाया श्रीहनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुन्नारदेव

नगर में श्री हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान नगर के आस्था के प्रमुख केंद्रीय मंदिर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्रातः कालीन बेला में वैदिक मंत्रोच्चार और की सुमधुर ध्वनि के बीच भगवान श्री हनुमान जी का जन्म अभिषेक किया गया। इसके पश्चात यहां पूजन-अर्चन, हवन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तजन मंदिरों में उपस्थित रहे। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में दिनभर श्री सुंदरकांड का पाठ भी आयोजित किया गया था। इसके अतिरिक्त नगर के अन्य हनुमान मंदिरों में भी श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर जन्म अभिषेक पूजन अर्चन किया गया।

विशाल शोभायात्रा में डीजे की धुन पर थिरके युवक

श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के द्वारा 45 वे वर्ष के लगातार आयोजन में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शोभा यात्रा ने नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया। यहां पर जगह-जगह नगरवासियों, स्वयंसेवी संगठनों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा भंडारे प्रसाद का आयोजन कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। समूचा नगर अयोध्या की तरह सजा दिया गया था। जहां पर प्रत्येक घरों के सामने पांच-पांच दीपक टिमटिमा रहे थे। युवजन इस विशाल शोभा यात्रा में श्रजयश्री राम, जय हनुमानश्र का गगन भेदी उद्घोष करते नजर आए।

झांकियों ने मन लिया मोह

श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के द्वारा इस वर्ष की भव्य शोभा यात्रा में महाकाल मंदिर उज्जैन की भस्म आरती पर आधारित चलित झांकी का प्रदर्शन किया गया। इस झांकी में औघड़ बाबा का हैरत अंगेज प्रदर्शन को देख लोग दांतों तले उंगली दबाते नजर आए। यहां पर भभकती आग और उड़ती भस्म को देखकर लोग आश्चर्यचकित हो गए। इस भव्य शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तजन उमड़ते नजर आए। रैली में पर्याप्त पुलिस बल के उपस्थित होने के कारण या कार्यक्रम आनंदपूर्वक निपट गया।

सच्ची भक्ति से ही हो सकती है ईश्वर की प्राप्तिः पं. दुर्गेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुन्नारदेव

जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम उमरिया फदाली में श्री सेवा दास महाराज की तपोभूमि में चल रही नवकुंडीय श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा नवान्ह यज्ञ के तृतीय दिवस कथा के अंतर्गत बिलासपुर छत्तीसगढ़ से पधारे धर्माचार्य पं. दुर्गेश महाराज के मुखारविंद से राम कथा में रविवार को कहां गया कि भगवान निर्गुण रूप में विराजमान रहते हैं पर भक्त की सच्ची लगन और निष्ठा यदि प्रहलाद जैसी हो तो वे सगुण रूप में अवतरित हो जाते है, उन्होंने नारद मोह लीला का वर्णन करते हुए कहा कि कैसे नारद को अहम आ गया था और उन्होंने भगवान शिव, ब्रह्मा, एवं विष्णु को बताया कि मैंने कामदेव को जीत लिया है।भगवान ने मनु और शतरूपा को दर्शन देकर बताया कि आने वाले समय में मैं आपके यहां अवतार लूंगा जिसमें आप दशरथ और माता कौशल्या के रूप में रहेंगे। कथा में रविवार को भगवान राम का अवतरण हुआ इस अवसर पर सभी भक्तों ने भगवान राम का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया। राम जन्म के दौरान जय जय श्री राम के नारे से समूचा प्रांगण गूंजायमान हो उठा। कथा के दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धा मौजूद थे। कथा का वचन प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7:00 बजे तक उमरिया फाटली चमत्कारिक हनुमान मंदिर में किया जा रहा है मंदिर समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से इस पुनीत यज्ञ एवं कथा का निर्माण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

आईटी सीबीएसई स्कूल का सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

बिछुआ। बिछुआ के एकमात्र सीबीएसई मान्यता प्राप्त आई टी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल झामटा बिछुआ में सत्र 2024 -25 , कक्षा नर्सरी से नवमी तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम 100% रहा। कक्षा नर्सरी में धनश्री, ओमिका, किमी, प्रश्रष्ठी,गरिमा,शिवांगी, वेदांशी कक्षा एलकेजी में आरजू, आवेद, अनिका, अथर्व,भूमिक,ध्रुव,कृतिका,मनस्वी, मिंजल,प्रेरणा, उर्वी, विरल कक्षा यूकेजी में आन्या, अराध्या, काव्या, प्रांशी,शौर्य,सोहनी, अन्वी, आरयांश, देवेश,गीत, ईशानवी,परिधि,प्रेरणा,सानवी, सौम्या कक्षा पहली में टिया चोपड़े कक्षा दूसरी में आस्था,आर्यन, मीत, सानवी, श्रेया,सिद्धार्थ, वंशिका कक्षा तीसरी में तेजस टेंभुलकर कक्षा चौथी में वेदांत कुल्हार कक्षा पांचवीं में रुद्र डिगरसे कक्षा छठवीं में आराध्या, प्रिंसी कक्षा सातवीं में यश पाठे कक्षा आठवीं में राशी साहू कक्षा नवमी में खनक टांडेकर ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र/छात्राएं परीक्षा परिणाम पाकर उत्साहित एवं पालक परिणाम से संतुष्ट नजर आए। सभी बच्चों को विद्यालय संचालक एवं प्राचार्य श्रीमति पूजा बोबडे मैम , उप प्राचार्य श्रीमति रिचा तिवारी मैम एवं सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं के द्वारा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

बैसाखी पर्व पर कीर्तन अरदास के साथ हुआ लंगर

जुन्नारदेव। बैसाखी पर्व के अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर के गुरु सिंध सभा गुरुद्वारा में पूजन पाठ एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रविवार सुबह सर्वप्रथम पाठ समाप्ति उपरांत कीर्तन अरदास का कार्यक्रम रखा गया इसके उपरांत लंगर प्रसाद वितरण किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया साथ ही लोगों ने एक दूसरे को बैसाखी पर्व की बधाई और शुभकामनाएं भी प्रेषित की।

खबर संक्षेप

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री ने लिया कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का जायजा

मण्डला। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 16 अप्रैल को टिकरवारा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान कार्यक्रम शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्य कार्यक्रम स्थल का अवलोकन करते हुए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में मंचीय व्यवस्था, मीडिया कक्ष, सुरक्षा के प्रबंध, हितग्राहियों की बैठक व्यवस्था, मंडप, वर-वधु पक्ष के रिश्तेदारों के लिए बैठने की व्यवस्था आदि तैयारियों का जायजा लिया। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्य कार्यक्रम स्थल पर मंच एवं टेंट व्यवस्था, बेरीकेटिंग, विद्युत व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पीएचई मंत्री ने कहा कि सभी तैयारियां समय से पहले पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने इसी प्रकार से कार्यक्रम स्थल के पार्किंग व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, पुलिस अधीक्षक रजत सकचेला, अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, एसडीएम सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित रहे।

प्रभारी कलेक्टर एवं एसपी ने किया हेलीपेड का निरीक्षण

मण्डला। आगामी 16 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री के टिकरवारा में संभावित प्रवास को ध्यान में रखते हुए प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकचेला ने ग्राम ग्वारा स्थित हेलीपेड का अवलोकन करते हुए तैयारियों का जायजा लिया।

ग्राम बासी की घटना, शनिवार की रात्रि की घटना

बाराती बचे बाल-बाल, बस हुई जलकर खाक

रामपायली थाना अंतर्गत ग्राम बासी में एक चलती बस के इंजन में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग जाने से बस जलकर खाक हो गई, वहीं बस में सवार करीब 45 बाराती बाहर निकलने में कामयाब हो गए, तो दो बारातियों को बस से कूदने की वजह से मामूली चोट पहुॅची हैं। अंसेरा से चिचगांव गई थी बारात...

वारासिवनी।

घटना के सम्बंध में ग्राम के पूर्व सरपंच प्रदीप शरणागत ने बताया

कि अंसेरा गांव निवासी दुलीचंद तामेश्वर के बेटे की बारात लालपुर के

मुकेश पटले की बस क्रमांक एमपी 20 डी 0799 से खैरलांजी जनपद पंचायत के

ग्राम चिचगांव गई थी। जहाँ से वापसी के दौरान देर रात्रि करीब डेढ़ बजे

ग्राम बासी स्थित इथेनॉल प्लांट के नजदीक चलती बस के इंजन में स्पार्किंग

की वजह से अचानक चिंगारी निकलने लगी। जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले

लिया और बस पूरी तरह से जलकर खाक हो। लेकिन गनीमत रही कि आग के रफ्तार

पकडने के पूर्व बस में सवार करीब 45 यात्रियों में से दो यात्रियों को

छोड़ कर सारे यात्री बस से सकुशल बाहर निकल गए। किंतु दो यात्रियों

द्वारा डर की वजह से बस का काँच फोड़ कर खिडक़ी से बाहर कूदने के कारण

उन्हें मामूली चोट पहुॅची हैं। लेकिन बस पूरी तरह से जलकर खाक में तब्दील

हो गई हैं।

विधायक पटेल ने बुलाया फायर ब्रिगेड

घटना के दौरान स्थानीय विधायक विवेक पटेल विवाह समारोह से वापस लौट

रहे थे। तभी उन्होंने बस को जलती देख कर तत्काल वारासिवनी के फायर अमले

को फोन कर मौके पर बुलाया और सभी बारातियों का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान

मौके पर पहुॅचे फायर अमले की टीम ने जलती बस को बुझाने की कार्यवाही की,

लेकिन तब तक बस जलकर खाक हो गई थी।

ना फिटनेस, ना टैक्स पटा, ना ही था परमिट, स्कूल बस के नाम रिकॉर्ड मेंदर्ज हैं बस...

शनिवार रविवार की दरम्यानी रात हुई आगजनी वाली घटना के बाद में

जब आरटीओ साइट से बस क्रमांक एमपी 20 डी 0799 की जानकारी ली गई ,तो ज्ञात

हुआ कि उक्त बस बालाघाट आरटीओ की साइट पर 6 जून 2012 को स्कूली बस में के

रुप में दर्ज कराई गई हैं। जिसकी आयु सीमा 12 साल 10 माह परिवहन अधिकारी

द्वारा निर्धारित की गई थी। जिसके अनुसार उक्त स्कूली बस की आयु सीमा के

साथ बस की फिटनेस भी 3 वर्ष पूर्व समाप्त होने के साथ ही उक्त बस पर

टैक्स भी बकाया है।

बारात और पिकनिक के लिए स्कूली बसों का इस्तेमाल हो गया आम..

सनद रहे कि वर्तमान में परिवहन अधिकारी की अकर्मण्यता की वजह से

जिले भर में अधिकांश स्कूली बसों का वैवाहिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न

तरह की यात्राओं, पिकनिक आदि के लिए बस संचालकों/स्कूल संचालकों द्वारा

लोगों की जान जोखिम में डालकर व्यवसाय करना आम हो गया हैं। इन बस

संचालकों द्वारा थोड़े से फायदे के लिए काफी कम दर पर अपने स्कूली वाहन

पार्टियों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिसके चलते निजी वाहन ऑपरेटरों को

इस वैवाहिक सीजन में ना तो बारातें मिल पा रही हैं, ना ही टूरिस्ट, जिसके

चलते जिले भर के बस ऑपरेटर भी कहीं ना कहीं परिवहन अधिकारी की कार्य के

प्रति गैरजिम्मेदाराना पूर्ण कार्यप्रणाली से असंतुष्ट हैं।

समाचार प्रकाशन के बाद भी नही जागे परिवहन अधिकारी...

विदित हो कि चार दिनों पूर्व ही विभिन्न समाचार पत्रों में स्कूल

बसों का संचालक कर रहे वैवाहिक कार्यो में व्यवसायिक उपयोग शासन को लगा

रहे आर्थिक चूना, के नाम से समाचार प्रकाशित किया गया था। उसके बावजूद भी

जिला परिवहन अधिकारी द्वारा एसी रूम से बाहर निकलने की जहमत अब तक नहीं

उठाई गई हैं।

शंकर पटैल ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

नैनपुर क्षेत्र के जाने माने नेता शंकर पटैल वर्षो से कांग्रेस से जुड़े रहे। वे अनेक बार जनपद सदस्य भी रह चुकें है। खासकर चिरईडोंगरी क्षेत्र में उनका अच्छा वर्चस्व है। लेकिन वे काफी दिनों से कांग्रेस में घुटन महसूस कर रहे थे नतीजा उन्होंने कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी को अपना इस्तीफा भेजा और भाजपा की सदस्यता ले ली। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरईडोंगरी के अध्यक्ष शंकर पटैल ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए भाजपा का दामन थामलिया है। श्री पटैल कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतियां उईके निज निवास टिकरवाड़ा पहुंचे और मंत्री से भाजपा की सदस्यता लेने की मंशा व्यक्त की। तत्काल मंत्री ने उन्हें भाजपा का दुपट्टा पहनाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए श्री पटैल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीति और नीति स्पष्ट दिखाई देती है भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही वे अपने अन्य साथियों को भी भाजपा की सदस्यता दिलायेंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भाजपा कभी जातिवाद की राजनीति नही करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है।

विवाह समारोह को लेकर केबिनेट मंत्री ने मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

16 अप्रैल को आयोजित मुख्यमंत्री विवाह निकाह योजना कार्यक्रम की तैयारियां लगातार चल रही हैं। इसी कड़ी में बीते दिनों कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतियां उईके के निज निवास टिकरवाड़ा में सर्वजन की बैठक बुलाई जहां पर कैबिनेट मंत्री ने उपस्थित नागरिको से चर्चा करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा बताई इस दौरान मंडला जनपद के सरपंच सचिव भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक सहित पार्षद व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यहां पर ग्यारह सौं विवाह का लक्ष्य रखा गया है इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के अनेक दिग्गज मंत्री आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि टिकरवाड़ा में आयोजित विवाह समारोह की व्यापक तैयारियां की जा रही है साथ ही उपस्थित लोगों के उन्होंने सुझाव भी मांगे जिस पर उपस्थित लोगों से चर्चा पर अनेक टीम का गठन किया गया यह टीम वर वधु से लेकर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज करायेंगी।

खबर संक्षेप

बाइक चोर चढ़ा बंडोल पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले में पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले में सफलता हासिल की है। बंडोल पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बंडोल थाना प्रभारी अर्पित भैरम ने सुबह 11 बजे जानकारी देते हुए बताया कि 8 अप्रैल को चंदौरीकलां निवासी दीपक सनोडिया ने अपनी यामाहा बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाइक उनके घर के आंगन से चोरी हुई थी। पुलिस ने इस मामले में धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के मार्गदर्शन में जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने चंदौरीकलां निवासी नीतेश यादव (30) को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने बाइक चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से 15,000 रुपये कीमत की चोरी की यामाहा बाइक (नंबर MP22F4649) बरामद कर ली है। आरोपी से पूछताछ जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अर्पित भैरम, सहायक उपनिरीक्षक शिवेंद्र वसूले, प्रधान आरक्षक बालमुकुंद बघेल और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

आईपीएल क्रिकेट सट्टे पर कोतवाली पुलिस की दो अलग अलग स्थानों पर रेड

तीन आरोपी पुलिस की गिरफ्त में, तीन मोबाईल जप्त, मोबाईल में लाखों रुपये के लेनदेन का हिसाब

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता आईपीएल क्रिकेट सट्टा एवं जुआ खेलने व खिलाने के विरुध्द सख्त है। है जिनके निर्देशन में में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा एव सीएसपी श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में दो अलग अलग स्थानों पर आईपीएल क्रिकेट खेलने एवं खिलाने वालो के विरुद्ध थाना कोतवाली में कार्यवाही की गई। जिसमें तीन आरोपीगण को पुलिस ने धर दबोचा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी की घसियारी मोहल्ला में मोहम्मद शोहेब खान उर्फ सोनू हैदराबाद व पंजाब के बीच आईपीएल क्रिकेट सट्टा की आईडी बांट रहा है एवं हारजीत के दांव पर आंनलाईन क्रिकेट सटट् खिला रहा है। जो पुलिस ने उक्त आरोपी को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर बताया कि वह इमरान उर्फ इम्मू नि. कटंगी रोड एवं जितु यादव नि. बरघाट रोड गणेश चौक के पास के लिये काम करता है। जिनके विरुध्द अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। इसी तारतम्य में कोतवाली पुलिस को एक और सूचना प्राप्त हुई कि गणेश चौक व्यायाम शाला के पास दीपक चौरसिया व सौरभ साहू हैदराबाद व पंजाब के बीच हो रहे आईपीएल क्रिकेट मैच में लोगों से आंनलाईन आईडी के माध्यम से क्रिकेट में लगने वाले चौका, छक्का व मैच हारजीत में रुपये पैसों का दांव लगाकर सट्टा खिला रहे है जो मौके पर घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पुछताछ व मोबाईल चेक करने पर बताये की निहाल डोंगरे एवं राज सूर्यवंशी से हम दोनों ऑनलाईन क्रिकेट आईडी लेकर मैं लोगों को देते हैं एवं घनश्याम गोस्वामी और हम दोनों मिलकर कमीशन पर काम करते है जो उक्त सभी के विरुध्द अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। अप.क्र. 259/25 धारा 4क सट्टा एक्ट, 49 बीएनएस के प्रकरण मेः- **नाम आरोपीः-** 1. मोहम्मद शोहेब खान उर्फ सोनू पिता युसुफ खान उम्र 29 साल निवासी घसियारी मोहल्ला शहीद वार्ड सिवनी फरार आरोपीः- 1. ईमरान उर्फ इम्मू नान निवासी कंटगी रोड़ सिवनी, 2. जीतू यादव निवासी बरघाट रोड गणेश चौक सिवनी अप.क्र. 260/25 धारा 4क सट्टा एक्ट, 49 बीएनएस के प्रकरण मेः- 1. दीपक चौरसिया पिता स्व. दिलीप चौरसिया उम्र 24 साल निवासी बरघाट रोड गनेश चौक के पास सिवनी 2. सौरभ साहू पिता दिनेश साहू उम्र 22 साल निवासी भौंमा थाना कान्हीवाड़ा हाल किराये से गणेश चौक सिवनी फरार आरोपीः- 1. राज सुर्यवंशी नि. सुभाष पुतला चौक सिवनी 2. घनश्याम गोस्वामी नि. बरघाट नाका सिवनी 3. निहाल डोंगरे नि. **डुंडासिवनी जप्तीः-** दोनो प्रकरण में तीन एनरांयड मोबाईल कीमती करीबन 48,000 रुपये करीबन 5,00,000 (पाचं लाख रुपये) का लेन देन का हिसाब। **सरहानीय कार्यः-** निरी. सतीश तिवारी, उनि. राहुल काकोडिया, मुकेश विश्वकर्मा, नितेश राजपुत, विक्रम देशमुख, अमित रघुवंशी, मुकेश चौरिया, अभिषेक डहेरिया, प्रतीक बघेल, इरफान खान ।

श्री अभय निगम की चौथी पुण्यतिथि पर किया श्रद्धा सुमन अर्पित

आज पूरे 4 वर्ष हो गए जब हमारे बीच में हमारे मार्गदर्शक स्वर्ग अभय निगम नहीं रहे उनकी स्मृतियां आज भी हमारे हृदय में विराजमान है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कोरोना काल के समय हमारे मार्गदर्शक श्री निगम को ईश्वर ने अपने चरणों पर बुला लिया था तब से लेकर आज तक उन्हें भूल पाने में असमर्थ हैआज यूनिवर्सल कंप्यूटर कॉलेज के कैंपस में स्वर्गीय श्री अभय भी निगम की पुण्य स्मृति में इष्ट मित्रों एवं ऑफिस स्टाफ के द्वारा स्वर्गीय निगम को श्रद्धांजलि दी गई कोरोना कल का वह समय काला दिन जो आज भी भूले से भी भुलाया नहीं जाता है। जिस समय हमने अपने मित्र अपने सहपाठी अपने शिक्षक को खोया था पुष्पांजलि के दौरान श्री निगम के मित्र छात्रों के द्वारा इन शब्दों का प्रयोग किया आपने अपने जीवन में समाज सेवा के क्षेत्र में समाज उत्थान एवं छात्रों के जीवन को उज्जवल बनाने के लिए अथक परिश्रम किया। श्रीमति शेफाली निगम ने कहा कि- इस जिले को शिक्षा की हर विधा का लाभ मिले और यहां के युवा शिक्षा के लिए पलायन ना करें यही सोच श्री निगम की थी और मेरी भी है हमारी संस्था हमेशा श्री निगम के सिद्धांतों पर चलेगी और छात्रों की भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए अथक परिश्रम करेगी बस इन्हीं शब्दों के साथ में आज श्रद्धा सुमन अर्पित करती हूं।

बिना पंचायत की सहमति के काट दिए 20 हरेभरे पेड़

आमसभा बुलाकर बनाई कमेटी, आवंटन रद्द कराने कमेटी करेगी करवाई

पेंच टाइगर रिजर्व के टूरिया में बने रिसोर्ट संचालकों ने सरकारी जमीन पर कब्जा किया है। जांच में इसकी पुष्टि हो चुकी है। अब नया मामला सिलादेही ग्राम पंचायत में आपत्ति के बाद पेंच महकमे को सरकारी जमीन आवंटित किए जाने का सामने आया है। इसको लेकर ग्राम पंचायत ने शुक्रवार को आमसभा बुलाई और इस मामले में आपत्ति प्रस्ताव पास किया। नौ लोगों की एक कमेटी बनाई। कमेटी अब इस मामले में आवंटन रदद कराने करवाने की करवाई करेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

ग्राम पंचायत सीलादेही सिवनी नागपुर बायपास पर स्थित है। पेंच टाइगर रिजर्व को जो जमीन आवंटित की गई है। वह हाईवे के किनारे की बेशकीमती खलिहान मद की राजस्व की जमीन है। पेंच टाईगर रिर्जव ने अपना कार्यालय बनाने के लिए कलेक्टर से जमीन की मांग किया था। तहसीलदार ने आवंटित करने के पूर्व आमजनों से दावे आपत्ति मांगा था। इसकी जानकारी के बाद ग्राम पंचायत सरपंच रेखा सनोडिया, जिला पंचायत सदस्य घनश्याम पटेल, जनपद सदस्य जितेन्द्र बघेल व अन्य ग्रामीणों ने तहसीलदार कार्यालय में निर्धारित समय-सीमा पर उक्त भूमि के आवंटन पर आपत्ति दर्ज कराई। लेकिन उक्त आपत्ति पर किसी भी प्रकार की सुनवाई किये बगैर उक्त भूमि (जमीन) को पेंच टाईगर रिर्जव को दे दी। बिना ग्राम पंचायत के अनुमति के आनन-फानन में उक्त भूमि पर लगे करीब 20 हरे भरे वृक्ष काट दिए गए। इन वृक्षों की आयु करीब 30 वर्षो से अधिक थी। ये सारे वृक्ष की कटाई वन विभाग ने की है।

इससे क्षुब्ध होकर ग्रामवासियों ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत परिसर में ग्राम सभा का आयोजन किया। भूमि आवंटन पर रोष व्यक्त किया। ग्राम सभा में चर्चा के दौरान प्रस्ताव रखा कि उक्त भूमि ग्रामवासियों के उपयोग हेतु रखा जाए, जिस पर भविष्य में सामुदायिक भवन, ओपन जिम तथा गार्डन निर्माण कराया जा सकें। कहा कि ऐसी बहुत सी जमीन ग्राम में है, जिसे पेंच प्रबंधन को दिया जा सकता है।

साथ ही जमीन को शासन से आवंटन रद्द कराने के लिए ग्रामसभा द्वारा नौ सदस्यी कमेटी का गठन किया गया है, जो संबंधित विभाग के मुखिया से मुलाकात कर ग्रामवासियों की बात रखेंगे। आमसभा में तय हुआ कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो न्यायालय की शरण में जाया जाएगा। आमसभा में सरपंच रेखा सनोडिया, जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया, पूर्व जनपद सदस्य जितेन्द्र सनोडिया, सभी पंचगण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

पिकअप वाहन और बाइक की आमने-सामने टक्कर,दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले के छपारा थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ है। बीजादेवरी गांव के पास रात करीब 2:30 बजे पिकअप वाहन और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो लोग घायल हो गए।

घायलों की पहचान रामसहेश सरवाती और रामप्रसाद सरवाती के रूप में हुई है। दोनों छपारा से एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक (MP 28 MG 2547) से घर लौट रहे थे। बीजादेवरी की तरफ से आ रही पिकअप (MP 28G 5765) से उनकी टक्कर हो गई, जिससे दोनों बाइक समेत गिर गए। हादसे में रामप्रसाद के दाहिने पैर के अंगूठे और कमर में चोट आई है। वहीं रामसहेश के दाहिने पैर की पिंडली में गंभीर चोट लगी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को छपारा अस्पताल ले जाया गया। रामसहेश की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। छपारा थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवार ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच गई है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

शिक्षकों ने पेश की एक अनूठी मिसाल

हरिभूमि न्यूज सिवनी। विगत दिनों सिवनी से माध्यमिक शिक्षा मंडल मूल्यांकन कार्य के प्रशिक्षण से अपने गृह ग्राम सुनवारा लौट रहे माध्यमिक शिक्षक बृजराज सिंह बघेल और लखन लाल झरिया एक सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए थे, जिसमें बृजराज सिंह बघेल की दुर्घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई थी और लखनलाल झरिया गंभीर रूप से घायल हुए थे जिनका इलाज जारी है। बृजराज सिंह बघेल अपने परिवार के एकमात्र कर्ताधर्ता थे जिनके ऊपर पत्नी के अलावा एक बहन और तीन वयस्क बच्चों की जिम्मेदारी थी और उनके ही वेतन से घर का सारा कार्य होता था, इस घटना ने उनके परिवार को गहन संकट में डाल दिया है। धनोरा विकासखंड के सभी साथी शिक्षकों ने अपने दिवंगत साथी के परिवार के लिए यथाशक्ति धन संग्रह किया और विकासखंड के लगभग 318 साथी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा बघेल

के परिवार की सहायता हेतु 232000 रुपये इकट्ठे कर पीड़ित परिवार को प्रदान किये। विगत दिवस विकासखंड अधिकारी नीरज दुबे ,बीआरसी जे एल सनोदिया, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ए जी खान ,आईटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष विजय उपाध्याय , टोयोटा संघ के जिला अध्यक्ष ठाकुर सिंह मरकाम, निलेश जैन ,अमर सिंह बघेल ने दो लाख इकतीस हजार रुपये का चेक एवं 11000 रुपये नगद राश स्वर्गीय बजराज सिंह बघेल के घर जाकर परिवार जनों को सौंपा । इस अवसर पर विजय सोनी ,करीम खान ,भाई मोहम्मद खान, सुनील कोरेटी, राजेश अग्रवाल भाग लाल सल्लाम, राकेश डहरिया, श्रीमती अनुसूया डहरिया मेडम और अन्य साथी भी उपस्थित थे। शिक्षक साथियों द्वारा किए गए इस कार्य की सभी लोगों द्वारा सराहना की जा रही है।

10वीं-12वीं के रिजल्ट मई में होंगे जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मध्यप्रदेश के लाखों स्टूडेंट अपने रिजल्ट का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एमपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं फरवरी से मार्च के दौरान आयोजित की गई थी। इसमें प्रदेश के 17 लाख बच्चे शामिल हुए थें।

अब मध्यप्रदेश बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (MPBSE) जल्द ही जारी करने वाला है। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल का रिजल्ट मई के पहले हफ्ते में आ सकता है।

मई के पहले सप्ताह में रिजल्ट जारी

माशिमं के सचिव डॉ. कृष्ण देव त्रिपाठी के अनुसार प्रदेशभर के 52 केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य जारी है। अब तक 60 प्रतिशत कॉपियों की चेकिंग पूरी हो चुकी है। 25 अप्रेल तक शेष कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद रिजल्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उम्मीद है कि मई के पहले सप्ताह में रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा।

इस वर्ष हाईस्कूल (10वीं) परीक्षा 27 फरवरी से शुरू हुई थी। जिसमें पहला पेपर हिंदी का था। वहीं, हायर सेकेंडरी (12वीं) परीक्षा 24 फरवरी से शुरू हुई थी। दोनों परीक्षाएं सुबह 9 बजे से 12 बजे तक एक शिफ्ट में आयोजित की गई थीं। बोर्ड परीक्षा में इस बार कुल 16,60,252 छात्र शामिल हुए हैं। जिनमें कक्षा 10वीं में 9,53,777 और कक्षा 12वीं में 7,06,475 स्टूडेंट्स ने एग्जाम दी है। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 3,887 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

आज डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण संविधान की प्रस्तावना का होगा सामूहिक पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमा के आसपास की सफाई कर तथा संध्या के समय दीपोत्सव मना का आयोजन मंडलों में किया जायेगा तथा 14 अप्रैल को सभी मंडल क्षेत्रों में पर डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा या तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान निर्माता बाबा साहेब का पुण्य स्मरण किया जायेगा एवं संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जाएगा साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूल परिसरों की सफाई एवं सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाएगा। श्रीमती बिसेन ने कहा कि 15 से 25 अप्रैल के बीच समाज के विभिन्न वर्गों के

वरिष्ठों के साथ कम से कम 2 सत्रों की संगोष्ठी का आयोजन कर कांग्रेस द्वारा किए गए बाबा साहब के अपमान और भाजपा द्वारा दिए जा रहे सम्मान और जिस तरह से कांग्रेस ने संविधान से खिलवाड़ किया तथा भाजपा ने संविधान के प्रति जो सम्मान प्रदर्शित किया है, उस पर विस्तार से चर्चा की जावेगी। श्रीमती बिसेन ने कहा है कि जिला स्तर से लेकर मंडलों में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिये समितियों का गठन किया गया है ।

सभी मंडल अध्यक्ष गण डां. भीमराव अंबेडकर जयंती को जनसामान्य के साथ मनाये एवं संगोष्ठी में, जिस तरह से कांग्रेस ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनके जीवन के विभिन्न पड़ावों पर अपमानित किया और भाजपा ने उन्हें जो सम्मान दिया, उस पर चर्चा की जाए। साथ ही, जिस तरह से कांग्रेस ने संविधान के प्रावधानों को कमजोर किया और भाजपा ने संविधान के प्रति जो सम्मान दिखाया, उस पर भी चर्चा करना है।

गर्मी के तीखे तेवरों के बीच शहर में मटके, जिसे आम बोलचाल में देशी फ्रिज कहा जाता है, मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है

हरिभूमि न्यूज सिवनी। गर्मी के तीखे तेवरों के बीच शहर में मटके, जिसे आम बोलचाल में देशी फ्रिज कहा जाता है, की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है। जहां एक ओर बिजली से चलने वाले फ्रिज की सीमाएं हैं, वहीं दूसरी ओर मिट्टी से बने ये देसी फ्रिज पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा करके जल्दी प्यास बुझाने वाला विकल्प बनते जा रहे हैं। शहर में परंपरागत रूप से इस्तेमाल होने वाले इन मटकों की लोकप्रियता एक बार फिर चरम पर है। शहर में जगह-जगह सजे मटकों के स्टॉल गर्मी बढ़ते ही मठ मंदिर चौराहों ,डूण्डासिवनी और गली-नुक्कड़ों पर मटकों की दुकानें सज गई हैं। दुकानदारों के अनुसार, जैसे ही तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचा, वैसे ही मटकों की बिक्री में जबरदस्त तेजी आ गई। मिट्टी के साधारण मटकों के साथ-साथ अब आधुनिक डिजाइनों वाले मटके भी बाजार में उपलब्ध हैं, जिनमें नल लगे होते हैं और जो सुंदर रंग-बिरंगे कवर के साथ आते हैं। ये न सिर्फ देखने में आकर्षक हैं, बल्कि उपयोग में भी सुविधाजनक हैं।

दुकानदारों का कहना है कि लोग अब पहले की तुलना में अधिक समझदारी से खरीदारी कर रहे हैं और स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे रहे हैं। स्थानीय व्यापारी बताते हैं पिछले कुछ सालों से मटकों की बिक्री में गिरावट आ रही थी, लेकिन अब लोग फिर से देसी चीजों की ओर लौट रहे हैं। इस बार तो हम जितने मटके ला रहे हैं, उतने बिक भी जा रहे हैं।

कीमत 50 से 300 रुपए तक

बाजार में मटकों की कीमतें 50 रुपए से शुरू होकर 300 रुपए तक पहुंच रही हैं, जो उनके आकार, डिजाइन और फीचर्स (जैसे नल, ढक्कन, रंगीन कवर आदि) पर निर्भर करती हैं।

स्वास्थ्य के लिहाज से फायदेमंद

मिट्टी के मटके से पानी पीना आयुर्वेदिक दृष्टि से भी लाभकारी माना गया है। डॉक्टरों के अनुसार मटके का पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा होता है और यह शरीर के लिए कूलिंग एजेंट की तरह काम करता है। इसके अलावा मटके का पानी पाचन में सहायक होता है। यह शरीर की गर्मी को संतुलित करता है। फ्रिज के पानी की तरह गला खराब नहीं करता। इसमें किसी प्रकार का रसायन नहीं होता, जिससे यह पूरी तरह प्राकृतिक रहता है।

गांव से आ रहे कारीगर, बढ़ा रोजगार

शहर में मटकों की डिमांड ने ग्रामीण कुम्हारों को भी रोजगार का नया अवसर दिया है। पड़ोसी जिलों और गांवों से कारीगर शहर पहुंचकर मटके बेच रहे हैं। इससे पारंपरिक कुम्हारी कला को भी नया जीवन मिला है। साथ ही, पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए लोगों में जागरूकता भी बढ़ी है।

फ्रिज नहीं, मटका ही सही

जहां एक ओर बिजली कटौती और बढ़ते बिलों से लोग परेशान हैं, वहीं मटका एक ऐसा विकल्प बनकर उभरा है जो न बिजली खपत करता है, न जगह ज्यादा घेरता है और न ही महंगा है। यही वजह है कि इस देसी फ्रिज को लेकर हर उम्र के लोग उत्साहित हैं। नगरपालिका और पर्यावरण प्रेमी समूह भी अब मिट्टी के बर्तनों को प्रमोट करने की बात कर रहे हैं। आने वाले समय में यदि यह ट्रेंड ऐसे ही बना रहा तो मटका सिर्फ घरों में नहीं, दफ्तरों, स्कूलों और दुकानों में भी आम हो जाएगा। शहर में देसी फ्रिज की वापसी यह संदेश दे रही है कि कभी-कभी परंपरा ही सबसे आधुनिक समाधान होती है। जब सेहत और प्रकृति दोनों को साथ रखना हो, तो मटका वाकई सबसे ठंडा और सबसे सस्ता विकल्प है।

पूजन अर्चना के साथ विशाल भंडारा सम्पन्न

बड़े बगीचा वाले हनुमान जी महाराज के नाम से प्रसिद्ध हैं इस क्षेत्र में

हरिभूमि न्यूज ⏭ छपारा।

जिले के छपारा में विशाल भंडारा सम्पन्न हुआ, यहां लगभग 10 हजार से ज्यादा लोगों ने हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव कार्यक्रम में बड़े बगीचा स्थित हनुमान जी महाराज के पूजन पाठ करके भंडारा का महा प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में एक दिन पहले से अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया जो हनुमान जन्मोत्सव के दिन समापन हुई, कहा जाता है कि हनुमान जी की उपासना से जीवन के सारे कष्ट मिट जाते है, वही लोगो की ऐसी धारणा है कि की हनुमान जी एक ऐसे देवता है जो थोड़ी सी प्रार्थना और पूजा से शीघ्र ही प्रसन्न हो जाते है, मंगलवार और शनिवार का दिन इनके पूजन के लिए श्रेष्ठ माना गया है।

छपारा के आसपास सभी हनुमान मंदिर में दिन भर हवन पूजन पाठ एवं भंडारा चलता रहा, बड़े बगीचा हनुमान मंदिर में भी सुबह 4 बजे से अभिषेक शुरू हुआ,जिसमें केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने सहित सभी श्रद्धालु भक्तों के साथ अभिषेक और महा आरती कर इस क्षेत्र की उन्नति और प्रगति के लिए हनुमान जी महाराज से प्रार्थना की। दोपहर में हनुमान जी महाराज का हवन हुआ, कन्या भोजन के पश्चात विशाल भंडारा की शुरुआत हुई, जिसमें नगर सहित आस पास से श्रद्धालु भक्त जनो ने महा प्रसाद ग्रहण किया ।

रेत का अवैध उत्खनन: रेत माफिया प्रतिबंध के बाद भी नदियों से निकाल रहे रेत, खनिज,राजस्व विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज़ लांजी।

लाँजी। प्रशासन ने कागजों में भले ही रेत उत्खनन और अवैध परिवहन पर रोक लगा दी हो, लेकिन शहर में दिनभर अवैध रेत से लदे हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली बिकने के लिए निकलते हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रेत की ट्रॉलियां खड़ी होती और मनमाने तरीके से रेत बेच रही हैं जबकि खनिज विभाग का कहना है कि अभी आसपास कोई डंप भी चालू नहीं है, फिर यह रेत कहां से आ रही है? यह समझ से परे है। जबकि मार्च और अप्रैल महीने में रेत प्रतिबंध के बावजूद नदी से रेत निकाली जा रही है, जो प्रशासन की उदासीनता को दर्शाता है। नदी से रेत निकालने से पर्यावरण को नुकसान होता है, और इससे जुड़ी समस्याएं भी होती हैं, जैसे कि पानी की गुणवत्ता प्रभावित होना और नदी के किनारे का क्षरण होना।नदी से अवैध रूप से रेत निकालने से पर्यावरण को नुकसान होता है, और यह प्रशासन की बेखबरता को दर्शाता है। इसे रोकने के लिए सख्त कानूनी कार्रवाई की आवश्यकता है, ताकि नदी का पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षित रहे।हाँ, यह सच है कि गर्मी के मौसम में रेत पर प्रतिबंध होने के बावजूद भी अवैध रूप से रेत का खनन जारी है, खासकर माफिया के द्वारा. यह समस्या पूरे जिले में देखी जा सकती है और कई कारकों से जुड़ी होती है, जैसे कि अवैध खनन के लाभ, सरकारी अधिकारियों के साथ मिलीभगत, और रेत की बढ़ती मांग.

ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर ढोई जा रहा रेत

लाँजी तहसील क्षेत्र में रेत माफिया धड़ल्ले से रात के अँधेरे में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में अवैध रूप से नदियों से रेत का परिवहन कर रहे हैं। इससे इलाके की नदियों पर लंबे समय से हो रहे इस खनन के कारण नदी का प्राकृतिक स्वरूप तहस-नहस हो गया है। वहीं इस मामले में लाँजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार ने कहा कि तहसीलदार एवं पुलिस बल के साथ हमारे द्वारा रात्रि गस्ती भ्रमण नदियों में किया जा रहा है परंतु रेत माफिया समय का फायदा उठा कर अगर नदी से अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़े जाते हैं तो हमारे द्वारा उन पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

छोटी नदियां, बड़ी कहानियां : अवैध रेत खनन से ख़त्म होती नदियां

बालाघाट जिले में अवैध रेत परिवहन के मसले पर सियासत तो हमेशा गर्माती रही है। लेकिन प्रदेश में अवैध रेत खनन को पर्यावरण से जुड़ी समस्या नहीं माना जाता। इतना ही नहीं, पर्यावरण से जुड़ी सूबे की सैकड़ों संस्थाओं का ध्यान इस तरफ नहीं है। सियासत और अपराध की मिलीभगत से ये काला कारोबार फलफूल रहा है। बालाघाट जिले की , छोटी-बड़ी हर तरह की नदियां अवैध रेत खनन का शिकार है। सारी नदियां वजूद के ख़तरे से बुरी तरह जूझ रही है। अफ़सोस जनता के बीच भी अवैध रेत खनन सियासत से अलग जैसे मुद्दा ही नहीं है। अब तो प्रशासन भी छोटी नदियों को नदियां ही नहीं मानता।

हिंसक वन्य प्राणी ने बछड़े का किया शिकार

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

गांव में दहशत का माहौल, वन विभाग ने सतर्क रहने की अपील की

कटंगी। वन परिक्षेत्र कटंगी के मुंदीवाड़ा वृत के जमुनिया बीट के ग्राम घुनाड़ी में हिंसक वन्य प्राणी तेंदुए ने पालतू मवेशी बछड़े को अपना शिकार बनाया है. शनिवार-रविवार की दरमियानी रात्रि करीब डेढ़ बजे के आस-पास वन्य प्राणी तेंदुआ गांव में घुस आया. तेंदुए ने पंचायत भवन के नजदीक में दिलेहर राहंगडाले के घर के पास बंधे बछड़े का शिकार किया जिससे पालतू मवेशी की मौत हो गई. तेंदुए ने बछड़े के बाद गाय का भी शिकार करने की नाकाम कोशिश की. रात्रि में मवेशियों का शोर सुनकर पशु मालिक और ग्रामीण नींद से जाग गए. जिसके बाद सभी अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर आए तो बछड़ा मृत अवस्था में देखा गया. रविवार की सुबह करीब 08 बजे वन विभाग को पालतू मवेशी के शिकार की सूचना दी गई. सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे. जिसने घटना स्थल के पास से तेंदुए के पगमार्क को चिन्हित किया है.

वहीं ग्रामीणों से सतर्क और सुरक्षित रहने की समझाइश दी है ताकि किसी प्रकार की जनहानि ना हो. घुनाड़ी सरपंच पप्पु पटले ने जानकारी देते हुए बताया कि आए दिन वन्य प्राणी को गांव के आस-पास देखा जा रहा है जिससे जनहानि का खतरा बना हुआ है.

मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत 116 जोड़े बंधे विवाह बंधन में

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

किरनापुरः- शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के मैदान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जनपद पंचायत किरनापुर क्षेत्र के गरीब परिवारों के 116 कन्याओं का विवाह आज जनपद पंचायत किरनापुर के उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों एवं जनप्रतिनिधिगण ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी तथा सुखी दाम्पत्य को उपहार भेंट किए। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह उपाध्यक्ष भुवन भाऊ रंहागडाले योगराज भास्कर मुकेश चौहान जनपद पंचायत सीईओ मनीष शेण्डे एसडीओ श्री ताराम, जनपद पंचायत पंचायत सदस्य मनीष भीमटे श्रीमती वर्षा बढ़ई , दिनेश्वरी पारधी संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहित परिजन मौजूद थे।

जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री राणा कल्याण सिह ने सभी नवीन दाम्पत्य को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निर्धन कन्याओं के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना वरदान है। इस योजना के माध्यम से फिजुल खर्च एवं दहेज प्रथा जैसे कुरीतियों को समाप्त करने का एक अच्छा माध्यम है। अब ऐसे कन्याओं के माता-पिता को आर्थिक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ रहा। उन्होंने कहा कि शासन की यह योजना गरीब माता-पिता के सपनों को साकार कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने सुखी दाम्पत्य जीवन की बधाई दी। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भुवन भाऊ रंहागडाले ने कहा कि शादी सामाजिक जीवन में एक महत्वपूर्ण अंग है। यह वर-वधु का नहीं बल्कि दो दिलों का मिलन और दो परिवारों का एक होना भी है। उन्होंने कहा कि दोनों मिल-जुलकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना होता है। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य के साथ खुशहाल जीवन बिताएं। साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास विभाग की टीम को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

जनपद पंचायत सदस्य मुकेश सिंह चौहान ने बताया कि आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 116 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इनमें किरनापुर विकासखण्ड के ग्रामीण जिसमे 116जोड़े मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत गरीब परिवारों की लड़कियों की शादी के लिए राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में 49 हजार रूपए का अनुदान सहायता राशि प्रदान किया जाता है। प्रति जोड़ा 49 हजार रूपए का व्यय किया गया है। इसमें प्रत्येक कन्या को 49 हजार रूपए की राशि बैंक खाते या बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्रदान की जाएगी। इसके अलावा विवाह आयोजन व्यवस्था और परिवहन पर प्रति कन्या 49हजार रुपए, इसके साथ विवाह के मौके पर वर-वधु के कपड़े, श्रृंगार सामग्रीप्रदान किया जाता है।

इस अवसर पर जनपद सदस उपस्थित रहे। इस अवसर पर नशामुक्त अभियान हेतु शपथ भी ली गई।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह से लाभान्वित नव विवाहित ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना हम जैसे गरीब परिवार की कन्याओं के लिए वरदान है। बेटी की शादी धूमधाम से हो, हर गरीब माता-पिता का सपना होता है जिसे राज्य सरकार द्वारा पूरा किया जा रहा है। हम जैसे गरीब बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री श्री डा.मोहन यादव का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। उन्होंने हमारे माता-पिता के सपनों को पूरा किया है।

उल्लेखनीय है कि म.प्र. सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ऐसी ही एक पहल है, जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को विवाह के लिए सहायता प्रदान करती है। यह योजना माता-पिता के आर्थिक बोझ को कम कर उनकी चिंता दूर कर रही है। हर माता-पिता का सपना होता है कि उनकी बेटी की शादी धूमधाम से हो, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण यह सपना अधूरा रह जाता है। ऐसे में यह योजना हजारों परिवारों को राहत पहुंचा रही है। राज्य सरकार के इन प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहा है और अनेक परिवार लाभान्वित हो रहे हैं।

नरवाई जलाने पर होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट। किसान फसल कटाई के बाद बचें फसलों के अवशेषों को अपने खेतों में खड़े डण्ठलों (नरवाई) को खुले रूप से सुरक्षात्मक उपायों को अपनाये बिना आग लगाकर खेतों की सफाई करते है। इस कारण किसानों द्वारा अपनाई जाने वाली इस प्रक्रिया से उड़ने वाली चिंगारी से आस-पास के खेत व अन्य तरीकों से अग्नि की बड़ी दुर्घटना घटने की संभावना रहती हैं। इसके अलावा खेत में नरवाई जलाने की प्रक्रिया में बडी मात्रा में धुँआ होता है। इससे पर्यावरणीय प्रदूषण भी बढ़ता है। समग्र रूप में नरवाई जलाने पर अग्नि दुर्घटना, पब्लिक न्यूसेंस, जन हानि, धन हानि, पशु एवं पक्षियों की हानि, खेत खलिहानों में रखी फसल का नुकसान एवं मिट्टी की उर्वरक शक्ति पर विपरित प्रभाव पड़ता है, जिससे अंततः क्षेत्र में लोक परिशांति भंग होने के साथ-साथ कानून व्यवस्था विपरीत स्थिति निर्मित होती है और लोक सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्तपन्न होता है। किसी आपदा की स्थिति की आंशका बनी रहती है, जिसका समय रहते तुरंत निवारण अथवा शीघ्र उपचार करना अत्यंत आवश्यक एवं वांछनीय है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश क्रम में एयर प्रवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ पॉल्यूशन एक्ट 1981 अंतर्गत प्रदेश में फसलों विशेषतः धान एवं गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाए जाने को प्रतिबंधित किया गया हैं। यदि कोई व्यक्ति/कृषक आदेश का उल्लंघन करेंगे तो आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 एवं वायु (प्रदुषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1981 के तहत दण्डाधत्मक एवं जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी फसल अवशेष जलाने को नियंत्रित किय जाने के निर्देश प्रचलित न्यायालय द्वारा प्रकरण में किये गये है। पर्यावरण विभाग द्वारा निर्देश जारी किये गए है। जिसके अंतर्गत नरवाई जलाने की घटनाओं पर एफआईआर अर्थदण्ड, अधिरोपित करने का प्रावधान किया गया है। जिले के समस्त किसान भाईयों को समझाईश है कि वे बेलर जैसे यंत्रों का उपयोग करें एवं फसल अवशेष (नरवाई) को न जलाये, एवं एफ आई आर/अर्थदण्ड की कार्यवाही से बचे।

फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान

फसल अवशेष जलाने से हानिकारक गैसे निकलती हैं जो कि मनुष्यों व पशुओं के स्वास्थ्य के लिये गम्भीर खतरा है। अवशेष जलाने से उठने वाले धुएं से कार्बन बाईक्साईड, कार्बन मोनीजाक्साईड,मीथेन, नाईट्रिक आक्साइड, आदि हानिकारक गैसे होती है जो वातावरण को प्रदूषित करती है। वहीं पराली में आग लगाने में भूमि की ऊपरी परत पूरी तरह जलकर कठोर हो जाती है। जिससे भूमि में वायु व जल का संचार कम हो जाता है। इसके अलावा भूमि में रहने वाले लाभदायक जीवो व अदृश्य सुक्ष्म जीवो की संख्या कम हो जाती है। मित्र जीवाणुओं की संख्या कम होने पर जमीन की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है। पशुओं के लिये चारे की उपलब्धता कम हो जाती है।

फसल अवशेष को जमीन में मिलाने से फायदे

फसल अवशेष मिट्टी में मिलाने से कार्बनडाई व अन्य तत्व बढ़ते है। फसल अवशेषों को लगातार 3-4 वर्ष खेतो में मिलाने से पोशक तत्वों वृष्टि होती एवं सिंचाई की बचत होती है। साथ ही मृदा का पीएच मान ठीक रहता है एवं उर्वरकों की उपलब्धता व स्थिरिकरण अधिक समय तक रहता है।

इसके अतिरिक्त भूमि एवं वातावरण प्रदूषण नहीं फैलता है तथा फसल अवशेषों को जमीन में मिलाने पर उत्पादकता स्तर में भी वृध्दि होती है।

जल जीवन मिशन योजना में ठेकेदार की लापरवाही पड़ी भारी- खरपड़िया पंचायत के तीन टोलों में नहीं मिल रहा पानी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी। नल-जल से वंछित नहीं रहेगा अब कोई घर परिवार, जल जीवन मिशन पहुंचाएगा नल से जल सबके द्वार इस नारे के साथ हर घर में पानी पहुंचाने का दावा करने वाली योजना पर ठेकेदार की लापरवाही, अधिकारियों की उदासीनता और सरकारी नीति तीनों ही भारी पड़ रही है. जिस कारण ग्रामीणों को 'पानी' के लिए परेशान होना पड़ रहा है. पूरा मामला बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील की ग्राम पंचायत खरपड़िया का है. इस पंचायत के कन्हार टोला, तिल्ली टोला और सिवनहेटी में जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य होने के बाद भी ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है. मोटी रकम खर्च होने के बाद भी योजना का ग्रामीणों लाभ नहीं पाया है लेकिन इसके बावजूद ठेकेदार कथित तौर पर ग्राम पंचायत सरपंच पर योजना को पंचायत के अधीन लेने के लिए दबाव बना रहा है ताकि विभाग उसके बिल क्लीयर कर दें. विभाग के अधिकारी एसडीओ जितेंद्र कालमेघे के अनुसार जल जीवन मिशन पर कार्य करने वाली कंपनी गुजरात की है और अलीराजपुर के ठेकेदार कार्य कर रहे है. बता दें कि अलीराजपुर के ठेकेदार के द्वारा किए गए सभी कार्यों की जांच कर ली जाए तो जल जीवन मिशन योजना की सच्चाई सभी के आ जाएगी. इस योजना से ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पाया और ठेकेदार अपने फायदे के लिए ग्राम पंचायतों पर अधूरी योजना हेड ओवर लेने का दबाव बना रहा है.

बिजली के अभाव में शुरू नहीं हुई योजना

खरपड़िया पंचायत के कन्हार टोला और तिल्ली टोला में हाल बिलकुल एक जैसे है. इन दोनों ही टोलों में पाइप लाइन का विस्तार कर दिया गया है लेकिन अब तक बिजली कनेक्शन नहीं किया गया है. कन्हार टोला के ग्रामीण बताते है कि यहां कम संख्या में हैड़पंप है और एक हैड़पंप पर ही ग्रामीणों की अधिक निर्भरता है. इसी हैड़पंप से ग्रामीण पीने का पानी, दैनिक उपयोग का पानी और मवेशियों के लिए पानी लेते है. महिलाएं बताती है पानी जुटाने में काफी परेशानी होती है और बहुत अधिक समय लग जाता है. अगर एक भी हैड़पंप बंद हो जाए तो पूरा टोला एक ही हैड़पंप पर उमड़ पड़ता है. जिसके बाद तो कई बार पानी की मारामारी होती है और महिलाओं के बीच विवाद तक हो जाते है. ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार ने योजना शुरू करने के लिए बिजली के खंबे तो लगा दिए लेकिन खंबो में कनेक्शन नहीं किया और बोर में मोटर नहीं लगाई. जिस कारण पानी के लिए पहले जैसे परेशान होते थे वहीं हालात आज भी है.

सिवनहेटी में तलाश किया जा रहा पानी-

खरपड़िया पंचायत के सिवनहेटी गांव का बहुत बुरा हाल है. यहां ठेकेदार ने पाइन लाइन का विस्तार कर दिया और घरों के सामने नल कनेक्शन भी लगा दिए और अब पानी की तलाश की जा रही है गांव में अलग-अलग स्थानों पर बोर किया गया लेकिन कहीं भी पानी नहीं मिला. मतलब इस गांव में योजना शुरू होगी या नहीं यह अब तक तय नहीं हो पाया है. पीएचई विभाग के अधिकारी बताते है कि जल जीवन मिशन योजना के तहत पहले पाइप लाइन का विस्तार और घरों के सामने कनेक्शन किए जाते है फिर पानी का स्त्रोत देखा जाता है. सरकार ने इसी तरह की गाइड लाइन बनाई है. सिवनहेटी में पाइप लाइन का विस्तार और पंप हाउस का निर्माण कर दिया गया है किंतु यहां पानी का स्त्रोत नहीं मिलने के कारण योजना धरातल पर नहीं उतर पाई है.

गुरू गोबिंदसिंह ने रखी थी सिक्ख समाज की नींव, खालसा पंथ साजना दिवस के रूप में मनाया गया बैसाखी का पर्व

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट। 13 अप्रैल रविवार को बालाघाट में सिक्ख समाज ने बैसाखी का पर्व खालसा पंथ साजना दिवस के रूप में मनाया। गुरूद्धारे में सिक्ख समाज के लोगों ने माथा टेका। इस दौरान गुरूद्धारे में अखंड पाठ साहिब की सेवा और रागी जत्था के शबद कीर्तन का आयोजन किया गया।

दरअसल, बैसाखी का पर्व सिक्ख धर्म के लिए बड़ा ही महत्वपूर्ण पर्व है। चूंकि इसी दिन सिक्खो के दसवे गुरू, गुरू गोबिंदसिंघ ने, खालसा पंथ की स्थापना कर सिक्ख समाज की नींव रखी थी। उन्होंने अपने पंचप्यारो को अमृतपान कराया था। यही कारण है कि सिक्ख समाज, बैसाखी का पर्व, पूरी श्रद्धा, आस्था, विश्वास और खुशी के साथ मनाता है। रविवार को बालाघाट मुख्यालय में बैसाखी पर्व को लेकर श्री गुरूद्वारा गुरूसिंघ सभा के संरक्षक सतनामसिंह सलूजा, सुरजीतसिंह छाबड़ा और अध्यक्ष हीरासिंघ भाटिया ने बताया कि रविवार को बैसाखी का पर्व खालसा पंथ साजना दिवस के रूप में साध संगत के साथ मनाया गया। चूंकि आज के दिन ही गुरू, गुरू गोबिंदसिंघ महाराज ने खालसा पंथ की स्थापना कर सिक्ख धर्म की नींव रखी थी। पंजाब के अनंतपुर में, गुरू गोबिंदसिंघ जी महाराज ने अपने पंच प्यारों का अमृत पान कराया था। आज के दिन गुरू गोबिंदसिंघ जी महाराज के बताए गए मार्गो पर चलकर सिक्ख समाज, आज सिक्ख धर्म की स्थापना दिवस पर गुरूद्धारे में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिसमें दिन के साथ ही रात्रि में भी समाज और आम लोगों को गुरू के प्रसाद के रूप में लंगर की सेवा की जा रही है। खालसा पंथ साजना दिवस पर आयोजित गुरूद्धारे में मनाए गए बैसाखी पर्व पर जहां बच्चों ने शब्द कीर्तन किया तो वहीं सभा ने, राजेश गांधी, पूरनसिंह भाटिया, सतनामसिंह सलूजा, हरभजनसिंह गांधी, जसमीतसिंघ मनमीतसिंघ पसरिचा, कमलाकौर भाटिया, अजीतसिंघ बग्गा, मनिंदरकौर धारीवाल का सम्मान किया। से कार्य करते रहेगें। कार्यक्रम का समापन दोनों अधिकारियों को शुभकामनाओं और स्नेहपूर्ण बिदाई संवेदनाओं के साथ हुआ है

जल गंगा अभियान के तहत 100 बोरियों से किया बोरी बंधान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट । कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्य निरंतर क्रियांवित किये जा रहे है। शनिवार को मप्र जन अभियान परिषद बैहर के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सुदूर वनांचल ग्रामीण क्षेत्र ग्राम पंचायत कटंगी भूमें जल संरक्षण के संदेश को जन-जन पहुंचाने के लिए नगाड़ा ढबरा नामक नदी एवं जल स्रोत की साफ-सफाई की गई। इसके साथ ही लगभग 100 बोरी से बोरी बंधान कर "जल हमारे जीवन में कितना अनमोल है इसका संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है " का संदेश भी प्रसारित किया गया। इस अवसर पर श्री कुन्दन सिंह मेरावी, श्रीमती ओमेश्वरी रहांगडाले परामर्शदाता ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष/सचिव श्री जोहरसिंह धुर्वे की उपस्थिति रही।

तेज रफ़्तार बाइक खेत में घुसी, एक की मौत, दो घायल जिला अस्पताल रेफर, दिनेरा गाँव की घटना

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी

विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे युवक

वारासिवनी--- रामपायली थानाक्षेत्र के दिनेरा गाँव में तेजरफ्तार बाइक के खेत गिर जाने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई तो वहीं बाइक सवार दो युवक गम्भीररूप से घायल होकर जिलाअस्पताल में इलाज करा रहे हैं। घटना सम्बंध में अंसेरा के पूर्व सरपंच प्रदीप शरणागत ने बताया कि ग्राम के तामेश्वर परिवार में लड़के के विवाह समारोह में शामिल होने बाइक से ग्राम का ही राजेश आचरे अपने दो अन्य साथियों रविंद्र आचरे और रौशन राऊत को लेकर खैरलांजी के चिचगांव जा रहे थे कि रात्रि करीब 9 बजे दिनेरा गाँव के पास मोड़ पर अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सीधे सड़क किनारे खेत मे जा घुसी जहाँ बाइक चला रहे युवक राजेश आचरे 32 की मौके पर ही मौत हो और बाइक पर पीछे बैठे दोनो युवक गम्भीररूप से घायल हो गए जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से वारासिवनी के सिविल अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया जहाँ डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया और दोनो घायलों की नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिलाअस्पताल रेफर कर दिया गया है। रामपायली पुलिस ने घटना पर मर्ग कायम के मामले को जाँच में लिया है। विदित हो कि इस घटना के बाद इसी विवाह समारोह में चिचगांव बारातियों को लेकर गई स्कूल बस में भी बारात लेकर वापस होने के दौरान बासी गाँव के पास बस में हुई आगजनी की घटना में बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई लेकिन सोभाग्यवश किसी तरह की जनहानि नही हुई।

राजेश आचरे
मौत